प्रत्येक कर्मचारी किसी भी संस्थान का हिस्सा बनने से पहले बेरोजगार अथवा किसी अच्छे कार्य की तलाश में एक अभ्यर्थी होता है, जिसे किसी भी संस्थान के कार्य के बारे में लगभग कोई जानकारी नहीं होती है। एक ऐसा इंसान जो कि अपने निजी जीवन से आकर आपके संस्थान का हिस्सा बनने को आतुर है तथा वेतन के बदले आपके द्वारा सौंपे गए कार्य को करने को तत्पर है। अर्थात एक कर्मचारी शुरुआती चरणों में पूर्ण सत्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होता है तथा अपना कार्य करता है।

महज कुछ ही दिनों में एक ऐसा कर्मचारी जो की अपना कार्य पूर्ण सत्यनिष्ठा से करने को आतुर था एक अलग ही रंग में क्यों नजर आने लगता है। यह एक ऐसा सवाल है जिसे प्रत्येक संस्थान के उच्च प्रबंध तंत्र एवं अधिकारियों को अपने आप से पूछना चाहिए।

* * * * *

Corruption Perception Index (CPI)

INDIA

Score	Rank
39/100	93/180

(2023)

Score change

-1 Since 2022

Scoring 180 countries around the world, the Corruption Perception Index is the leading global indicator of public sector corruption.

India has a score of 39 in the year 2023, with a change of -1 since 2022, meaning it ranks 93 out of 180 countries.



Source: *https://www.transparency.org/en/countries/india*

श्री अमन गुप्ता

पर्यवेक्षक (सहमुद्रण अनुभाग)
बैंक नोट मुद्रणालय, देवास

टीम वर्क की महत्वत्ता

टीम वर्क बड़े से बड़े कार्यों को आसान बना देता है, कठिन से कठिन कार्यों को सरल बना देता है। इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है– उद्देश्य के अनुरूप टीम के सदस्यों का चुनाव, जिनमें उपयुक्त योग्यता, कुशलता, सामंजस्य, सहयोग आदि का उचित मेल है। यदि उद्देश्य को ध्यान में ना रख कर टीम के सदस्यों का चुनाव किया जाता है, तब उससे टीम तो बन जाती है, लेकिन उस टीम से कोई भी कार्य ढंग से नहीं होता साथ ही छोटे से छोटे व सरल कार्य भी सुचारु रूप से पूर्ण नहीं होते।

टीम यानी कुछ चुने हुए लोगों का ऐसा ग्रुप, जिनमें कार्य के अनुरूप योग्यता व कुशलता हो, जिनमें अपनी टीम के प्रति समर्पण हो, एकता हो, सामंजस्य हो, जिनमें मुख्य रूप से टीम लीडर का दिमाग सक्रिय हो और उसके अनुसार कार्य करने के लिये टीम के सदस्यों का साथ हो। यह भी जरूरी है कि टीम के सदस्य टीम के लक्ष्य के प्रति एकाग्र हों।

जैसे हमारे शरीर के विभिन्न अंग–अवयव जो भी कार्य करते हैं, वो मौलिक हैं, उनका कार्य कोई दूसरा नहीं कर सकता। जैसे देखने का कार्य आँखें करती है, कान या नाक नहीं। सुनने का कार्य कान करते है, आँख या मुँह नहीं। जिस तरह पांच उँगलियाँ बराबर व एक समान नहीं होती, उसी तरह किसी भी टीम के सदस्य एक जैसे नहीं होते। हर एक के स्वभाव व नज़रिये में बहुत फर्क होता है, लेकिन अलग–अलग स्वभाव व नज़रिये वाले लोगों को एक टीम में जोड़ना, उनसे कार्य करवाना, उनमें ताल–मेल बनाये रखना ही टीम लीडर का दायित्व होता है, लेकिन जब तक टीम के सदस्य अपने टीमलीडर का सहयोग नहीं करते, आपस में मिल–जुलकर नहीं रहते, तब तक टीम वर्क अधूरा रहता है। यदि हमारे अंग–अवयवों में गड़बड़ी आ जाए और वे

अपना कार्य ठीक ढंग से न करें, तो हम कोई भी कार्य ढंग से नहीं कर पाते, स्वयं को बीमार महसूस करते हैं और असहाय पाते हैं। इसी तरह से किसी टीम के अंदर यदि टीम के सदस्य आपस में भेदभाव रखने लगे या स्वयं को विशेष समझने लगे और स्वयं को दूसरों से अधिक योग्य साबित करने की कोशिश करने लगे, तो ऐसी टीम में कोई भी कार्य अपने लक्ष्य तक नहीं पहुँच पाएगा। ऐसी टीम अन्य टीमों से प्रतियोगिता में सुनिश्चित रूप से हार जाएगी।

बैंक नोट मुद्रणालय के समस्त अनुभाग एक टीम की तरह कार्य करके संस्था को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा अग्रसर रहते हैं। यह टीम वर्क का ही कमाल है जिससे बैंक नोट मुद्रणालय साल दर साल उत्पादन लक्ष्य पूर्ण करता रहा है। मुद्रण एवं परिसज्जा अनुभाग में सभी यंत्रों पर टीम वर्क से ही नित्य प्रतिदिन कार्य किया जाता है, उदाहरण के लिए सह–मुद्रण अनुभाग में एक यंत्र को चलाने के लिए 7 कर्मचारी मुद्रण अनुभाग के एवं 3 कर्मचारी नियंत्रण अनुभाग के पदस्थ किए जाते हैं। ये सभी कर्मचारी अपने–अपने कार्य क्षेत्र में श्रेष्ठ होते हैं। वे प्रतिदिन टीम–वर्क में ही कार्य करते हैं एवं उनका टीम–लीडर अनुभाग में पदस्थ पर्यवेक्षक व सह–टीम लीडर यंत्र पर पदस्थ वरिष्ठ प्रचालन होता है जो कि अपने सथियों के बीच में सामंजस्य के साथ कार्य करके प्रतिदिन उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करता है और समय–समय पर या जरूरत पड़ने पर कर्मशाला अनुभाग की मदद से यंत्रों का रख–रखाव भी करता है जिससे उत्पादन की वृद्धि होती है।

इसलिए किसी भी महत्वपूर्ण कार्य को करने के लिए टीम बनाने के साथ–साथ उपयुक्त व योग्य टीमलीडर का चुनाव करना जरूरी है। एक ऐसा टीमलीडर, जो सबसे घुल–मिल जाए, जो सबको समझे, जो सबकी योग्यताओं से अवगत हो, जो टीम के सदस्यों की योग्यता के अनुरूप उन्हें कार्य दे, कार्यों का भली भांति समय–समय पर निरीक्षण करते रहे, जो अपनी टीम की प्रतिभा को निखारने व विकसित करने में सदैव प्रयासरत रहे, जो अपनी टीम की कमियों को स्वीकारे और उन्हें दूर करने हेतु प्रयास करे। इसके साथ ही अपनी टीम की खूबियों को पहचाने और उन्हें बढ़ाने हेतु टीम के सदस्यों को प्रोत्साहित भी करें। यदि टीम के सदस्यों में अच्छा तालमेल हो, उनमें आत्मविश्वास हो, उनमें योग्यता व कार्य कुशलता हो, तो ऐसी सामान्य नेतृत्व में भी विशेष कार्य करने में सफलता प्राप्त होती है और नई तरह की चुनौतियों को स्वीकारने के लिये भी हर समय तैयार रहती है। ऐसी टीम में यदि कोई सदस्य अवकाश भी लेता है तो भी टीम उसकी कमी को पूरा कर देती है।

जिस तरह हमारा परिवार रिश्तों से बना हुआ है और हम उसे बहुत महत्व देते हैं–उसी तरह से टीम के सदस्यों में भी एक भावनात्मक रिश्ता जुड़ जाता है, जो उन्हें टीम में बॉधे रखता है और टीम में अपना अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। देखा जाए तो टीम के सदस्य एक छोटे परिवार की तरह ही होते हैं, जिसमें सब मिल–जुलकर कार्य करते हैं और टीमलीडर का यह दायित्व होता है कि वह परिवार के मुखिया की तरह से अपनी टीम के सदस्यों का ध्यान रखे, उनकी भावनाओं का सम्मान करे, उनके सुख–दुख में शामिल होकर उन्हें भावनात्मक संबल देने का प्रयास करे। जरूरत पड़ने पर वह खुद भी उनके साथ जूझते हुए उनका आत्मविश्वास बढ़ाए। इतना ही नहीं, अनजाने में यदि कभी किसी से कोई भूल–चूक हो जाए, तो उसे माफ करे और उसे तनाव में न आने दे।

इस तरह से जो कार्य कई चरणों में किया जाता है, उसे यदि टीम वर्क से किया जाए तो वह कार्य चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, असंभव ही प्रतीत क्यों न होता हो, वह सरलता के साथ पूरा हो जाता है और उस कार्य के पूर्ण होने पर उसे देखकर आश्चर्य होता है कि यह कैसे पूरा हुआ होगा। टीम वर्क का ही प्रभाव है कि आज हमारे देश की सुरक्षा हेतु कई तरह की मिसाइलें बनाई जा चुकी हैं और यह टीम वर्क का ही कमाल है कि बैंक नोट मुद्रणालय के स्याही कारखाने में Colour Shift Ink (CSI) का उत्पादन टीम वर्क के साथ मिलकर इकाई स्तर पर शुरू किया गया है जिसके लिए स्याही कारखाने की पूरी टीम बधाई के पात्र हैं और उम्मीद करते हैं कि आगे भी बैंक नोट मुद्रणालय की समस्त टीम अपने–अपने क्षेत्र में अग्रसर होकर संस्था और देश को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

टीम वर्क वह ईंधन है जो आम लोगों का असामान्य परिणाम प्राप्त करने की अनुमति देता है

* * * * *

देश के विकास के लिए ये सबको बताना होगा,
हमें भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना होगा ।

VIGILANCE AWARENESS

Q1: What is the theme of this year Vigilance Awareness Week, 2024?

Q2: Who is the current Chief Vigilance Commissioner of India?

Q3: What is the name of allowance given to officers under suspension?

Q4: What is the full form of PIDPI?

Q5: Which Ministry/Department controls CVC?

Q6: What is the difference between the penalty of Removal and Dismissal?

Q7: How many APVs are conducted by SPMCIL Vigilance Department in one financial year?

Q8: As per CVC guidelines, what action has to be taken on Anonymous/ Pseudonymous Complaints?

Q9: What are the score and Rank of India in Corruption Perception Index, 2023?

Q10: When is International Anti-Corruption Day is observed?

Q11: What is the theme of International Anti-Corruption Day, 2024?

Q12: When the first International Anti-Corruption Day was observed?

Answers on page 50

श्री जय कावरे

बुलियन लेखापाल
भारत सरकार टकसाल, मुंबई

स्मारक सिक्के

आज के इस लेख में, बात करेंगे स्मारक सिक्कों के बारे में। ज्यादातर लोग स्मारक सिक्कों की संकल्पना से अपरिचित हैं या परिचित ही नहीं है। इस कारण जब भी मार्केट में `1000, `500, `150 एवं `75 के सिक्कों की फोटो देखते हैं, तो भ्रमित हो जाते हैं और कहते हैं हमें तो पता ही नहीं मार्केट में `1000 और `500 के सिक्के भी हैं। इस कारणवश हम पहले स्मारक सिक्कों के बारे में जानते हैं।

भारत सरकार टकसाल, मुंबई, एस.पी.एम.सी.आई.एल. की एक इकाई है जो स्मारक सिक्कों, पदकों और वजन, माप तौल के मानकों का निर्माण करती है। इसके अलावा, इकाई में सोने और चांदी को परिष्कृत किया जाता है। इकाई धातु परीक्षण की प्रयोगशाला से सुसज्जित है। वर्ष 1829 में स्थापित भारत सरकार टकसाल–मुंबई भारत की सबसे पुरानी टकसाल में से एक है। यहाँ प्रचलित सिक्कों के साथ अप्रचलित सिक्कों का उत्पादन होता हैं जो सिक्के निकेल, कॉपर और जिंक जैसी धातुओं से बनाए जाते हैं। सिक्के बनाने के लिए कई तरह की धातुओं को एक साथ परतों में दबाया जाता है।

पहला स्मारक सिक्का 1892 में शिकागो में कोलंबिया प्रदर्शनी के लिए अधिकृत किया गया था। स्मारक सिक्का किसी विशेष घटना या मुद्दे की याद में जारी किया गया सिक्का होता है। जिस अवसर पर इसे जारी किया जाता हैं, उसके संदर्भ में एक विशिष्ट डिज़ाइन के साथ, इस श्रेणी के कई सिक्के केवल संग्रहकर्ता की वस्तु के रूप में काम आते हैं।

प्रश्नः स्मारक सिक्के कितने हैं?

वर्ष 1892 से अब तक 175 से ज़्यादा स्मारक सिक्कों को अधिकृत किया गया है। इसके आकर्षण को देखकर सरकार द्वारा अनेक प्रकार के स्मारक सिक्के अभी तक छापे गए हैं।

प्रश्नः स्मारक सिक्कों का वास्तविक मूल्य क्या है?

स्मारक सिक्के के मूल्य की गणना करते समय, हमारे विशेषज्ञ हमेशा स्थिति, प्रूफ, यूएनसी, जारी, ढलाई का वर्ष, धातु का प्रमाण, टकसाल चिह्न व आज का बुलियन मूल्य का विचार करते हैं। इसके आधार पर स्मारक सिक्कों का मूल्य टकसाल निर्धारित करती हैं ,जो उचित रहता हैं ।

प्रश्नः क्या स्मारक सिक्कों का अन्य कोई मूल्य होता है?

जब स्मारक सिक्कों के मूल्य की बात आती है, तो कोई कठोर नियम लागू नहीं होता, यदि कोई स्मारक सिक्का दुर्लभ है तो उसका मूल्य उसके अंकित मूल्य से कहीं अधिक होगा। स्मारक सिक्के, उनकी सौंदर्यात्मक अपील या दुर्लभता मूल्य के कारण, संग्राहकों द्वारा विशेष रूप से मांगे जाते हैं। हालांकि, उपलब्धता की कमी के कारण स्मारक सिक्के शीघ्र ही संग्रहणीय वस्तु बन जाते हैं। तथ्य यह है कि वे वैध मुद्रा हैं और सीजीटी से मुक्त हैं, जिससे उनका मूल्य और बढ़ जाता है, तथा वे सिक्का संग्रहकों और निवेशकों दोनों के लिए आकर्षक बन जाते हैं। कुछ सिक्के बहुमूल्य धातुओं से तैयार किए जाते हैं, अक्सर बुलियन मूल्य से अधिक कीमत पर बेचे जाते हैं, भले ही वे बॉक्स में बंद हों और उनके साथ प्रामाणिकता का प्रमाण पत्र भी लगा हो।

प्रश्नः भारत में स्मारक सिक्कों का महत्व क्या हैं? उपयोग क्या है? स्मारक सिक्के रखना चाहिए? क्या मुझे स्मारक सिक्के खरीदना चाहिए?

मेरे अनुभव में, एक स्मारक सिक्के का मूल्य आमतौर पर इस तथ्य में निहित होता है, कि यह एक संग्रहणीय वस्तु है। यदि यह दुर्लभ है, तो संभवतः इसका मूल्य इसके अंकित मूल्य से कहीं अधिक होगा। स्मारक सिक्के अपनी सौंदर्य अपील या दुर्लभता मूल्य के लिए कलक्टरों द्वारा माँगें और संजोए जाते हैं। स्मारक सिक्के प्राप्त करना एक हद तक व्यक्तिगत संतुष्टि प्रदान कर सकता है। आखिरकार, वे प्रदर्शन के लिए एक आकर्षक वस्तु है। इस कारण किसी समय के अनुसार उसका मूल्य निर्धारित हो सकता है।

स्मारक सिक्के वे होते हैं जो किसी विशेष घटना को चिह्नित करने या किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति को सम्मानित करने के लिए जारी किए जाते हैं। उदाहरण के लिए वर्षगांठ, संधियों या व्यक्तित्वों का जन्मदिन मनाने के लिए। स्मारक सिक्के दो प्रकार के होते हैं– प्रचलित सिक्के, जिन्हें हम मुद्रा के रूप में उपयोग लाते हैं, और

अप्रचलित/यूएनसी, इसमें भी दो प्रकार होते हैं यूएनसी व प्रूफ जो संग्रह के लिए उपयोग में लाए जाते हैं। स्मारक सिक्के केवल एक बार ढाले जाते हैं और फिर कभी नहीं, इसलिए उनका मूल्य समय व धातु की क़ीमतों के साथ बढ़ सकता है। आम तौर पर स्मारक सिक्को में 50% चाँदी होती हैं।

आइए कुछ सवाल–जवाब के आधार पर स्मारक सिक्कों का विवेचन करते हैं।

प्रश्नः स्मारिका के सिक्के कैसे बनाए जाते हैं?

टकसाल में स्मारक सिक्कों का एक विशेष विभाग हैं, इन सिक्कों में चाँदी के साथ अन्य धातु रहती हैं, जिनको धातु परीक्षण विभाग द्वारा परखने के बाद उपयोग में लाया जाता हैं। आकार देने और उन्हें स्मृति चिह्न के रूप में पुनः डिज़ाइन करने के लिए अत्यधिक दबाव का उपयोग होता हैं जिस कारण सामान्य सिक्कों से अलग व आकर्षित होते हैं।

प्रश्नः प्रूफ़/Proof और अप्रचलित/UNC स्मारक सिक्कों के बीच क्या अंतर है?

प्रूफ़ सिक्कों को ढलाई की प्रक्रिया की शुरुआत में दो बार ढाला जाता है, इसलिए वे असाधारण रूप से दर्पण जैसे होते हैं, चमकते हैं और यूएनसी की तुलना में दुर्लभ होते हैं। दूसरी ओर, यूएनसी सिक्के बड़ी मात्रा में बनाए जाते हैं। और यूएनसी में चमक कम होती हैं, सिक्कों के ऊपरी परत पर वैसे लिखा रहता हैं की वह यूएनसी हैं या प्रूफ।

प्रश्नः स्मारक सिक्के कैसे खरीदें?

आप स्मारक सिक्के खरीदना चाहते हैं, तो SPMCIL की वेबसाइट पर जाएं। वेबसाइट पर उपलब्ध सिक्के सूचीबद्ध है। इसके अलावा मुंबई मिंट में स्मारक सिक्कों का बिक्री केंद्र हैं जहाँ आप स्वयं सिक्के खरीद सकते हैं जिसका पता हैं–

भारत सरकार टकसाल,
शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई, महाराष्ट्र – 400001 (भारत)
दूरभाषः 91–22–22663199/22662555 Ext. 132/156
ई–मेलः igm-mumbai@spmcil.com,
वेबः https://igmmumbai.spmcil.com

प्रश्नः क्या स्मारक सिक्के खर्च किए जा सकते हैं?

स्मारक सिक्के कानूनी निविदा हैं, लेकिन इन्हें आम प्रचलन के लिए नहीं ढाला

गया है। इस कारण आप चलन में इन्हें खर्च नहीं कर सकते या इनसे किसी प्रकार का व्यवहार नहीं कर सकते।

प्रश्नः क्या स्मारक सिक्के एक अच्छा निवेश हैं?

स्मारक सिक्के, जो आमतौर पर सोने या चांदी से बने होते हैं, एक कीमती धातु के रूप में आंतरिक मूल्य रखते हैं। समय के साथ, यह मूल्य अक्सर बढ़ जाता है। निवेश के नज़रिए से, वे हमेशा बढ़िया मूल्य नहीं रखते। कभी–कभी उनका मूल्य बढ़ जाता है, लेकिन अक्सर ऐसा बोल नहीं सकते।

इस कारण ज्यादातर लोग भ्रमित रहते हैं की मुद्रा मूल्य `150 का सिक्का `3000 – `3500 में कैसे? सिक्का मूल्यांकनकर्ता के आधार पर अधिकांश आधुनिक स्मारकों का मूल्य उनमें मौजूद चांदी, जिंक, निकेल व सोने के हिसाब से तय किया जाता है, जो आम तौर पर अंकित मूल्य से कहीं ज़्यादा होता है। यह बात समझने के बाद ही, आपका स्मारक सिक्कों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023 के पोस्टर की झलकी

सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023 की झलकियाँ

शपथ समारोह

निबंध लेखन प्रतियोगिता

निगम मुख्यालय, दिल्ली

पोस्टर प्रतियोगिता

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

शपथ समारोह

निबंध लेखन प्रतियोगिता

भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नाशिक

रंगोली प्रतियोगिता

विक्रेता बैठक

शपथ समारोह

निबंध लेखन प्रतियोगिता

चलार्थ पत्र मुद्रणालय, नाशिक

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

विक्रेता बैठक

शपथ समारोह

सार्वजनिक खरीद पर व्याख्यान

बैंक नोट मुद्रणालय, देवास

भाषण प्रतियोगिता

विक्रेता बैठक

शपथ समारोह

पोस्टर प्रतियोगिता

प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद

रंगोली प्रतियोगिता

विक्रेता बैठक

शपथ समारोह

वाद–विवाद प्रतियोगिता

प्रतिभूति कागज़ कारखाना, नर्मदापुरम

संवेदीकरण कार्यक्रम

विक्रेता बैठक

निबंध लेखन प्रतियोगिता

पोस्टर प्रतियोगिता

भारत सरकार
टकसाल, कोलकाता

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

विक्रेता बैठक

शपथ समारोह

निबंध लेखन प्रतियोगिता

भारत सरकार
टकसाल, मुंबई

रंगोली प्रतियोगिता

विक्रेता बैठक

शपथ समारोह

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

भारत सरकार
टकसाल, हैदराबाद

भाषण प्रतियोगिता

विक्रेता बैठक

शपथ समारोह

दीप प्रज्वलन

भारत सरकार
टकसाल, नोएडा



रंगोली प्रतियोगिता

निबंध लेखन प्रतियोगिता

ANSWERS

Ans 1: Culture of Integrity for Nation's Prosperity.

Ans 2: Sh.Praveen Kumar Srivastava, an IAS officer of Assam-Meghalaya Cadre of 1988 batch. He took oath as Central Vigilance Commissioner on 29.05.2023.

Ans 3: Subsistence Allowance.

Ans 4: Public Interest Disclosure and Protection of Informer.

Ans 5: CVC is not controlled by any Ministry

Ans 6: In removal, further govt. employment can be taken whereas in Dismissal, it is not possible.

Ans 7: 13 (1 for CSD, 1 in paper mill, 1 each in all four presses, 1 each in all four Mint for Base Metal and 1 each in three Mints – Kolkata, Mumbai & Hyderabad for Precious metal).

Ans 8: To be closed/ No action.

Ans 9: Score: 39/100, Rank: 93/180.

Ans 10: 9 December.

Ans 11: Engage in Transparency.

Ans 12: On December 9, 2005.

*****

श्रीमती समप्रीत कौर

वरिष्ठ कार्यालय सहायक (सतर्कता)
निगम मुख्यालय, नई दिल्ली

भ्रष्टाचार की कहानी

भ्रष्टाचार अर्थात भ्रष्ट + आचार। भ्रष्ट यानी बुरा या बिगड़ा हुआ तथा आचार का मतलब है आचरण। अर्थात भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है वह आचरण जो किसी प्रकार से अनैतिक और अनुचित हो। जब कोई व्यक्ति न्याय व्यवस्था के मान्य नियमों के विरुद्ध जा कर अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए गलत आचरण करने लगता है तो वह व्यक्ति भ्रष्टाचारी कहलाता है।

भ्रष्टाचार आज से नहीं बहुत समय से हमारे देश में अपनी जड़ें फैला रहा है, जिसका पता हमारी पुरानी लोक कथाओं में भी मिलता है। अकबर – बीरबल की ऐसी ही एक कथा, 'भ्रष्ट कर्मचारी'।

अकबर बादशाह का दरबार लगा हुआ था। दरबारी अपने–अपने स्थानों पर बैठे हुए थे। बीरबल का आसन अलग से दिखाई दे रहा था। तभी दो सिपाही एक आदमी को लेकर हाजिर हुए। उनमें से एक ने बताया, जहाँपनाह! इस आदमी को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है।

अकबर ने पूछा, इस आदमी को किस काम पर लगाया था?

जहाँपनाह! यह अनाज के गोदाम में काम करता है। सिपाही ने बताया।

बादशाह अकबर ने उसे हवालात में बंद करने का आदेश दिया और बीरबल से बोले, बीरबल, तुम्हारी क्या राय है! क्या इंसान को उसका पद भ्रष्टाचारी बना देता है?

बीरबल ने निवेदन किया, जहाँपनाह! मैं ऐसा नहीं समझता। मेरा विचार है कि भ्रष्टाचारी इंसान चाहे किसी भी पद पर हो, वह रिश्वत लेने का रास्ता निकाल ही लेता है।

तभी एक दरबारी ने खड़े होकर कहा, गुस्ताखी माफ हो जहाँपनाह! मैं बीरबल की बात से सहमत नहीं हूँ। ऐसे सैकड़ों काम है जहाँपनाह, जिन्हें करते हुए रिश्वत लेना संभव नहीं है।

बीरबल ने उस दरबारी से पूछा, पर एक–आध नाम तो बताइए वह कौन–सा काम है?

दरबारी बोला, जैसे। ..... जहाँपनाह जिसे गिरफ्तार किया गया है, उसे यमुना के किनारे बैठकर लहरें गिनने का काम सौंप दीजिए। मेरा दावा है, इस काम को करते हुए वह बिलकुल ही रिश्वत नहीं ले सकेगा।

इस पर बीरबल ने कहा, जहाँपनाह! कोई भ्रष्ट कर्मचारी सुधर जाए तो अच्छा ही है। किन्तु मुझे नहीं लगता, यह तरकीब कुछ काम करेगी।

दरबारी ने जोर देते हुए कहा, जरूर काम करेगी। आज़माकर तो देखिए।

बादशाह अकबर ने पूरी बात ध्यान से सुनी और उस कर्मचारी को नए काम पर लगा दिया।

वह कर्मचारी सुबह से शाम तक युमना के किनारे पर बैठा रहता और यमुना में उठने वाली लहरों की गिनती करता रहता। धीरे–धीरे एक सप्ताह बीत गया। एक दिन दरबारी ने बीरबल से पूछा, 'बीरबल, सात दिन बीत गए हैं। अब तक उस आदमी के बारे में कोई शिकायत नहीं मिली।'

बीरबल ने धीरे से 'हाँ' कहा और चुप हो गए। किंतु उन्हें विश्वास नहीं था कि वह आदमी सुधर गया होगा। उन्होंने बादशाह अकबर से निवेदन किया, जहाँपनाह! क्यों न, वहाँ चलकर खुद देखा जाए।'

अकबर ने कहा, 'हाँ बीरबल, कल सुबह हम वहाँ खुद जाएँगे।'

दूसरे दिन बीरबल और बादशाह अकबर ने व्यापारी का वेश बनाया। उन्होंने एक नाव ली और यमुना के किनारे पर चल दिए। वह कर्मचारी यमुना के किनारे बैठकर अपने रजिस्टर में कुछ लिख रहा था। तभी बीरबल की नाव किनारे के पास पहुँची। कर्मचारी वहीं से चिल्लाया, 'ऐ, तुम लोग क्या कर रहे हो?'

व्यापारी बने हुए बीरबल ने कहा, 'भैया, हम अपनी नाव चला रहे हैं। आपको कोई

परेशानी हुई क्या?' वह आदमी वहीं से चिल्लाया, 'क्या तुम्हें पता नहीं है कि बादशाह सलामत ने मुझे यमुना की लहरों का हिसाब रखने के लिए नियुक्त किया है। तुमने मेरा सारा हिसाब गड़बड़ कर दिया। तुम्हें इसकी सजा मिलेगी।

बीरबल बोले, 'सचमुच हम से भूल हो गई है। हम माफी माँगते है।' कर्मचारी बोला, 'मैं ऐसे माफ नहीं कर सकता। हाँ, अगर तुम लोग पचास अशर्फियाँ दो तो माफ कर सकता हूँ।'

'यह तो बहुत ज्यादा हैं भैया। कुछ तो कम करो।' बीरबल बोले।

'नहीं। इससे कम पर समझौता नहीं हो सकता।' कर्मचारी बोला।

तभी व्यापारी के कपड़े पहने बादशाह अकबर वहाँ आ गए। उन्होंने वहीं से कहा, 'नहीं, हम पचास की जगह सौ देंगे। लेकिन अशर्फियाँ नहीं। सौ कोड़े।' कर्मचारी ने ध्यान से व्यापारी की तरफ देखा। अब उसे अपनी भूल का पता चला। वह बादशाह के पैरों में गिर पड़ा और बोला, 'माफ करें, जहाँपनाह! मैं आपको पहचान न सका।'

बादशाह ने बीरबल की ओर देखा और कहा, 'तुम ठीक कहते थे, बीरबल! कोई भी काम हो, भ्रष्ट अफसर उसमें पैसा ऐंठने का मौका निकाल ही लेता है।'

'जी जहाँपनाह! आप ठीक कहते हैं।' बीरबल ने धीरे से कहा और चुप हो गए।

स्रोतः

https://hindi.webdunia.com/

https://hindistory.net/

* * * * *

सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023 की पोस्टरस् की झलकियां

सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023 के दौरान की गई बाहरी गतिविधियां

ग्राम सभा

भा.प्र.मु.–नासिक द्वारा अकरेले गांव में आयोजित ग्राम सभा

च.प.मु.–नाशिक द्वारा पिंपरी गांव में आयोजित ग्राम सभा

वॉकथॉन / रैली

प्र.का.का.–नर्मदापुरम द्वारा के.वी. में आयोजित सतर्कता रैली

भा.स.ट.–नोएडा द्वारा एन.एस.टी.आई. तक आयोजित वॉकथॉन

प्र.का.का.–नर्मदापुरम द्वारा एन.वी.एम. कॉलेज में आयोजित सतर्कता रैली

स्कूलों में करवाई गई प्रतियोगिताएं

भा.प्र.मु.–नाशिक द्वारा के.एन.केला स्कूल में आयोजित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता

भा.प्र.मु.–नाशिक द्वारा केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता

च.प.मु.–नाशिक द्वारा केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता

च.प.मु.–नाशिक द्वारा क्लिफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता

बै.नो.मु.–देवास द्वारा फेथ फाउंडेशन में आयोजित निबंध प्रतियोगिता

प्र.मु.मु–हैदराबाद द्वारा स्कूल में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता

स्कूलों में करवाई गई प्रतियोगिताएं

प्र.का.का.–नर्मदापुरम द्वारा स्कूल में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता

भा.स.ट.–कोलकाता द्वारा बज मेमोरियल स्कूल में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता

भा.स.ट.– मुंबई द्वारा कोलाबा स्कूल में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता

भा.स.ट.–हैदराबाद द्वारा जिला परिषद स्कूल में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता

निगम मुख्यालय द्वारा अटल आदर्श विद्यालय में आयोजित पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता

सतर्कता विभाग से प्रत्यावर्तन

श्री घनश्याम जरेड़ा
उप महाप्रबंधक (गुणवत्ता आश्वासन),
प्रतिभूति कागज़ कारखाना, नर्मदापुरम

श्री अखिल भगत,
उप महाप्रबंधक (तकनीकी प्रचालन)
प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद

श्री संदीप चौधरी
प्रबंधक (वित्त)
प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद

श्री मोहन किशोर सुरु
सहायक प्रबंधक (तकनीकी प्रचालन)
भारत सरकार टकसाल, मुंबई

श्री आर. पेद्दी राजु
वरिष्ठ पर्यवेक्षक (तकनीकी प्रचालन)
प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद

श्री प्रोमित कुमार चट्टोपाध्याय
पर्यवेक्षक (विद्युत),
भा.स.ट.–कोलकाता

श्री अंजन पाठक
पर्यवेक्षक (तकनीकी),
चलार्थ पत्र मुद्रणालय, नाशिक

निगम मुख्यालय की सतर्कता विभाग की टीम

प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद में दिनांक 26.09.2024 को सतर्कता विभाग के कार्यपालकों की 30 जून 2024 को समाप्त हुई तिमाही बैठक की झलकी

सतर्कता विभाग में नई प्रविष्टियां

श्री अमित यादव,
प्रबंधक (सतर्कता),
बै.नो.मु.–देवास

श्री ईश्वनाथ जिभे,
प्रबंधक (सतर्कता),
भा.प्र.मु./च.प.मु.–नाशिक

श्री जेनर कुमार सिन्हा,
प्रबंधक (सतर्कता),
भा.स.ट.–मुबंई

श्री प्रशांत बिष्ट
वरिष्ठ पर्यवेक्षक (सतर्कता),
निगम मुख्यालय

श्री पी. साईनाथ,
वरिष्ठ पर्यवेक्षक (सतर्कता)
प्र.मु.मु–हैदराबाद

श्री बिश्वनाथ मजुमदार,
वरिष्ठ पर्यवेक्षक (सतर्कता)
भा.स.ट.–कोलकाता

श्री शिव प्रसाद रंगा,
वरिष्ठ पर्यवेक्षक (सतर्कता),
भा.स.ट.–हैदराबाद

सुश्री रिचा कुमारी,
पर्यवेक्षक (सतर्कता),
भा.स.ट.–मुबंई

श्री कौस्तव सिकदर,
पर्यवेक्षक (सतर्कता),
च.प.मु.–नाशिक

सतर्कता विभाग की दूरभाष पुस्तिका

क्र	नाम	पदनाम	दूरभाष	ई–मेल
1	श्री विनय कुमार सिंह	मुख्य सतर्कता अधिकारी	011–43582260	cvo@spmcil.com
2	श्री हरीश कुमार	मुख्य सतर्कता अधिकारी के कार्यालय सचिव	011–43582260	harish.-hkumar@spmcil.com
3	श्री पार्थ प्रतिम दास	उप मुख्य सतर्कता अधिकारी	011–43582285	Deputy.CVO@spmcil.com
निगम मुख्यालय				
4	श्री अमिताभ शाह	संयुक्त महाप्रबंधक (सतर्कता)	011–43582204	vig.misc@spmcil.com
5	श्री बी. राजशेखर	उप महाप्रबंधक (सतर्कता)	011–43582219	vig.comp@spmcil.com
भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नाशिक				
6	श्री ईश्वनाथ जिभे (अतिरिक्त प्रभार)	प्रबंधक (सतर्कता)	0253–2402393	isp.vigilance@spmcil.com
चलार्थ पत्र मुद्रणालय, नाशिक				
7	श्री ईश्वनाथ जिभे	प्रबंधक (सतर्कता)	0253–2405534	cnp.vigilance@spmcil.com
बैंक नोट मुद्रणालय, देवास				
9	श्री अमित यादव	प्रबंधक (सतर्कता)	07272–268215	bnpvigilance@spmcil.com
प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद				
10	श्री अंजनीप्पा डी (अतिरिक्त प्रभार)	प्रबंधक (सतर्कता)	040–23253629	spp.vigilance@spmcil.com

क्र	नाम	पदनाम	दूरभाष	ई–मेल
प्रतिभूति कागज़ कारखाना, नर्मदापुरम				
11	श्री गोविंद रघुवंशी	उप महाप्रबंधक (सतर्कता)	07574–279911	spm.vigilance@spmcil.com
भारत सरकार टकसाल, कोलकाता				
12	श्री पबित्रा कुमार पॉल	उप महाप्रबंधक (सतर्कता)	033–24015246	igmk.vigilance@spmcil.com
भारत सरकार टकसाल, मुंबई				
13	श्री जेनर कुमार सिन्हा	प्रबंधक (सतर्कता)	022–22703184	igmm.vigilance@spmcil.com
भारत सरकार टकसाल, हैदराबाद				
14	श्री अंजनीप्पा डी	प्रबंधक (सतर्कता)	040–27268300	igmh.vigilance@spmcil.com
भारत सरकार टकसाल, नोएडा				
15	श्री अमिताभ शाह (अतिरिक्त प्रभार)	संयुक्त महाप्रबंधक (सतर्कता)	0120–4783111	igmn.vigilance@spmcil.com


SPMCIL NETWORK
India Government Mint
NOIDA
New Delhi
SPMCIL
Registered
Office
Bank Note Press
DEWAS
Security Paper Mill
NARMADAPURAM
Currency Note Press
NASHIK
India Security Press
NASHIK
HYDERABAD
India Government Mint
India Government Mint
MUMBAI
HYDERABAD
Security Printing Press
NEW DELHI :
SPMCIL Registered Office
16" Floor, Jawahar Vyapar Bhawan,
Janpath, New Delhi-110 001, INDIA.
Ph: 91-11-23701225,43582200
Fax : 91-11-23701223
Email : info@spmcil.com
Web: www.spmcil.com
NASHIK :
Currency Note Press
Jail Road, Nashik Road-422 101
Maharashtra, INDIA
Ph: 91-253-2463730-39
Fax : 91-253-2464100
Email : gmcnp@spmcil.com
Web: http://cnpnashik.spmcil.com
NASHIK :
India Security Press
Nashik Road-422 101
Maharashtra, INDIA
Ph: 91-253-2402200
Fax : 91-253-2462718
Email : isp@spmcil.com
Web: http://ispnasik.spmcil.com
DEWAS :
Bank Note Press
Dewas-455 001
Madhya Pradesh
Ph: 91-7272-255222,268284
Fax : 91-7272-255111
Email : bnpdewas@spmcil.com
Web: http://bnpdewas.spmcil.com
NARMADAPURAM :
Security Paper Mill
Narmadapuram-461 005
Madhya Pradesh, INDIA
Ph: 91-7574-286001/255259
Fax : 91-7574-255170
Email : gm.spm@spmcil.com
Web: http://spmnarmadapuram.spmcil.com
MUMBAI :
India Government Mint
Shahid Bhagat Singh Marg, Fort,
Mumbai-400 001, Maharashtra, INDIA
Ph: 91-22-22662555, 22703184-85
Fax : 91-11-22661450
Email : igm.mumbai@spmcil.com
Web: http://gmmumbai.spmcil.com
NOIDA
India Government Mint
D-2, Sector-1, Post Box No.78
Noida-201301, Uttar Pradesh, INDIA
Ph: 91-120-4783116
Fax : 91-120-2537609
Email : igm.noida@spmcil.com
Web: http://gmnoida.spmcil.com
KOLKATA :
India Government Mint
Alipur, Kolkata-700 053
West Bengal, INDIA
Ph: 91-33-24014821, 24010132
Fax : 91-33-24010553
Email : calmint@spmcil.com
Web: http://gmkolkata.spmcil.com
HYDERABAD :
India Government Mint
IDA, Phase-II, Cherapally, P.B. No. 10
H.C.L.(PO), R.R. District,
Hyderabad-500 051, Telangana, INDIA
Ph: 91-40-27268300
Fax : 91-40-27262951
Email : igm.hyderabad @spmcil.com
Web: http://igmhyderabad.spmcil.com
HYDERABAD :
Security Printing Press
Mint Compound, Saifabad,
Hyderabad-500 063, Telangana, INDIA
Ph: 91-40-23455532
Fax : 91-40-23456687
Email : spp.hyd@spmcil.com
Web: http://spphyderabad.spmcil.com
Security Printing and Minting Corporation of India Limited
A Mini Ratna Category-I CPSE (Wholly owned by Govt. of India)
16th Floor, Jawahar Vyapar Bhawan, Janpath, New Delhi-110 001 Website: www.spmcil.com CIN : U22213DL2006GOI144763

हमारी इकाइयां

टकसाल

कागज कारखाना

मुद्रणालय

INDIAN GOLD & SILVER

COMMEMORATIVE COINS

SOUVENIR COINS

TOP THEMES

TRENDING COINS